23 मई 2022

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- 2022 में भारत की वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 8.8% की तुलना में कम है, फिर भी सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है: संयुक्त राष्ट्र ।
- सरकार ने गेहूं निर्यात अधिसूचना के तहत कुछ छूट की घोषणा की है और आदेश से पहले ही कस्टम के साथ पंजीकृत गेहूं की खेप की अनुमति दी है।
- अप्रैल में भारत का तेल आयात पिछले साल की तुलना में 11.6% बढ़कर 4.7 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गया, क्योंकि रिफाइनरों ने कुछ यूरोपीय कंपनियों और देशों से सस्ता रूसी तेल खरीदने के लिए प्रस्ताव किया था, जबकि मध्य पूर्वी उत्पादकों से समयावधि वालों सौदों के तहत तय किए गए आयात को करना भी जारी रखा है।
- दुनिया में खाद्य तेलों के सबसे बड़े निर्यातक इंडोनेशिया ने 23 मई 2022 से पॉम तेल के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया है, जिससे यूक्रेन में युद्ध के कारण अहम आपूर्ति बंद होने के बाद वैश्विक बाजार को राहत मिलेगी।
- नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के आंकड़ों के अनुसार, बिजली उत्पादन पर प्रतिबंधों में ढील के बाद अप्रैल में चीन का एल्युमीनियम उत्पादन वर्ष-दर-वर्ष 0.3% बढ़कर 3.36 मिलियन टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया, जिससे स्मेल्टरों को परिचालन का विस्तार करने की अनुमति मिली।
- यूएसडीए का अनुमान है कि 2022-23 में जैव ईंधन उत्पादन के लिए वर्तमान में 12 बिलियन पाउंड सोयाबीन तेल की सप्लाई हो सकती है, जो 2021-22 में 10.07 बिलियन पाउंड और 2020-21 में 8.85 बिलियन पाउंड की सप्लाई से अधिक है।
- कोनाब ने 2021/22 में ब्राजील के सोयाबीन और मकई के उत्पादन अनुमान को बढ़ाकर क्रमश: 123.8 मिलियन टन और 116.2 मिलियन टन कर दिया।
- अंतरराष्ट्रीय निकल अध्ययन समूह के आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर निकल बाजार में निकल की कमी मार्च में बढ़कर 11,100 टन हो गया, जो एक महीने पहले 1,800 टन थी।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	13.05.22	19.05.22	बदलाव (%)
गुड़	1,247.00	1,287.00	3.21%
कैस्टरसीड	7,412.00	7,544.00	1.78%
सोयामील	58,280.00	59,240.00	1.65%
मक्का	2,273.00	2,305.00	1.41%
कैस्टर तेल	1,512.50	1,529.50	1.12%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	13.05.22	19.05.22	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	601.70	660.00	9.69%
चांदी	59332.00	61564.00	3.76%
एल्युमीनियम	237.80	246.10	3.49%
तांबा	753.85	770.35	2.19%
सोना	49873.00	50544.00	1.35%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	13.05.22	19.05.22	बदलाव (%)
स्टील	55360.00	52810.00	-4.61%
कॉटनऑयलसीडकेक	2915.00	2792.00	-4.22%
धनिया	11796.00	11444.00	-2.98%
हल्दी	8352.00	8104.00	-2.97%
ग्वारेक्स	8012.00	7782.00	-2.87%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	13.05.22	19.05.22	बदलाव (%)
मेंथा ऑयल	1158.50	1132.40	-2.25%
लेड	179.80	179.65	-0.08%

साप्ताहिक समीक्षा

सीआरबी इंडेक्स को 336 के स्तर पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा और मिले-जुले रूझानों के कारण इस स्तर से ऊपर बने रहने में विफल रहा। चार सप्ताह की गिरावट के बाद, सर्राफा काउंटर की गिरावट पर रोक देखी गई और कुछ निचले स्तरों पर खरीदारी हुई, लेकिन बढ़त सीमित रही। डॉलर इंडेक्स और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट ने निचले स्तर की खरीदारी को समर्थन दिया। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में कमी से सोने की कीमतों को मदद मिली जबकि अपेक्षाकृत मजबूत डॉलर से, जिसने ब्याज दरों में बढ़ोतरी के साथ-साथ पहले बुलियन को साढ़े तीन महीने के निचले स्तर पर धकेल दिया था। चांदी की कीमतों पर भी इक्विटी और सोने में व्यापक बिकवाली का असर पड़ा। ऐसे समय में जब विकास के पूर्वानुमानों में कटौती की जा रही है तो औद्योगिक धातु होने का भी असर देखा जा रहा है । ऊर्जा काउंटर में, नेचुरल गैस की कीमतों में वृद्धि हुई जबकि कच्चे तेल की कीमतों में उच्च स्तर से गिरावट हुई। सात सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद, मंगलवार को तेल की कीमतों में 2% की गिरावट हुई क्योंकि रॉयटर्स ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका वेनेजुएला की सरकार पर कुछ प्रतिबंधों को कम कर सकता है, जिससे उम्मीद है कि बाजार में कुछ अतिरिक्त आपूर्ति बढ़ सकती है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने चेतावनी दी कि मुद्रास्फीति को कम करने के प्रयासों से अर्थव्यवस्था को नुकसान हो सकता है, इसके बाद कीमतों में भी गिरावट हुई। पॉवेल ने सुझाव दिया है कि मुद्रास्फीति को नीचे लाने में कुछ आर्थिक परेशानी हो सकती हैं। चिंताएं बढ़ रही हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और अन्य वैश्विक केंद्रीय बैंकों की सख्त मौद्रिक नीतियां आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकती हैं। फेडरल रिजर्व द्वारा जून में शुरू होने वाली दरों में बढ़ोतरी और एक कम होती बैलेंस शीट के माध्यम से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने के कारण बॉन्ड मैनेजर एक सपाट यील्ड वक्र का लाभ उठाने के लिए अपने पोर्टफोलियो में लंबे अधिक की ट्रेजरी को बढ़ा रहे हैं । रायटर सर्वेक्षण के अनुसार चीन ने मई माह में मॉर्टगेज के लिए अपनी बेंचमार्क संदर्भ दर में अपेक्षा से अधिक कटौती की, जो इस साल दूसरी कमी है, क्योंकि बीजिंग अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए ऋण की मांग को बढ़ाना चाहता है। कर्ज के लिए प्रमुख दर, जो बैंक आमतौर पर अपने सर्वश्रेष्ठ ग्राहकों से वसूलते हैं, प्रत्येक महीने की 20 तारीख को निर्धारित किया जाता है, जब 18 नामित वाणिज्यिक बैंक पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना को अपनी प्रस्तावित दरें जमा करते हैं। बेस मेटल में एल्युमीनियम, जिंक और तांबे की कीमतों में तेजी दर्ज की गई जबकि निकल और लेड की कीमतों में कमजोरी बनी रही। एलएमई गोदामों में एल्युमीनियम का भंडार, जो पहले से ही लगभग 17 वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर है, आने वाले दिनों और हफ्तों में और भी कम होने की संभावना है, क्योंकि एलएमई प्रणाली को छोड़कर अधिक धातु यूरोप की ओर बढ़ रही है जहां आपूर्ति कम है।

कृषि कमोडिटीज में ज्यादातर गिरावट के साथ कारोबार हुआ। औद्योगिक मांग में सुधार के कारण कैस्टरसीड की कीमतों में तेजी का रूझान जारी रहा। कम उत्पादन अनुमान के कारण इस साल अरंडी की कीमतों में 27% की बढ़ोतरी हुई है, जबकि साल दर साल लगभग 47% अधिक हो गई है। निर्यात की सुस्त मांग के कारण ग्वार काउंटर की कीमतों में नरमी रही। कारोबारियों द्वारा अधिक कीमतों पर बिकवाली के कारण मसाला काउंटर फिसल गया।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	13.05.22	19.05.22	(%)
जौ	जयपुर	2,227.10	2,245.05	0.81
चना	दिल्ली	4,923.30	4,876.70	-0.95
धनिया	कोटा	11,986.55	11,802.65	-1.53
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,569.45	1,514.15	-3.52
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,240.90	1,281.50	3.27
ग्वारसीड	जोधपुर	6,175.00	6,025.00	-2.43
ग्वारगम	जोधपुर	11,900.00	11,675.00	-1.89
जीरा	ऊंझा	21,783.20	21,701.70	-0.37
सरसों	जयपुर	7,297.40	7,136.30	-2.21
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,573.05	1,555.50	-1.12
सोयाबीन	इंदौर	7,215.05	7,287.80	1.01
हल्दी	निजामाबाद	8,099.00	7,846.40	-3.12
गेहूं	दिल्ली	2,334.05	2,300.25	-1.45
कॉटन	कड़ी	46,850.40	7,806.50	2.04
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	3,094.90	3,026.95	-2.20

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	13.05.22	19.05.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,788.00	2,906.00	4.23
तांबा	LME	नकद	9,159.00	9,415.50	2.80
लेड	LME	नकद	2,059.00	2,063.00	0.19
निकल	LME	नकद	27,262.00	28,231.00	3.55
जिंक	LME	नकद	3,489.50	3,714.50	6.45
सोना	COMEX	जून	1,808.20	1,841.20	1.83
चांदी	COMEX	जुलाई	21.00	21.91	4.33
लाइट क्रूड	NYMEX	जून	110.49	112.21	1.56
नेचुरल गैस	NYMEX	जून	7.663	8.308	8.42

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	13.05.22	19.05.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	जुलाई	16.46	16.90	2.67
सोया तेल	CBOT	जुलाई	83.79	79.53	-5.08
कॉटन	ICE	जुलाई	145.20	147.70	1.72
सीपीओ	BMD	जुलाई	6,369.00	6,072.00	-4.66

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	13.05.22 क्वांटिटी	19.05.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	50	50	0
जौ	मी.टन	2020	0	
कैस्टर सीड	मी.टन	43195	50940	7745
धनिया	मी.टन	11189	11581	392
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	65632	61276	-4356
ग्वारगम	मी.टन	20029	20189	160
ग्वारसीड	मी.टन	31410	30598	-812
जीरा	मी.टन	8589	7803	-786
मक्का	मी.टन	912	912	0
सोयाबीन	मी.टन	1116	1116	0
हल्दी	मी.टन	4033	4397	364

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	13.05.22 क्वांटिटी	19.05.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	3,982.67	4,524.43	542
तांबा	मी.टन	1,635,473.00	1,422,733.00	-212740
सोना	किग्रा	341.00	341.00	0
सोना गिनी	किग्रा	14,096.00	14,096.00	0
सोना मिनी	किग्रा	13,200.00	14,500.00	1300
लेड	किग्रा	2,212.96	1,718.43	-495
निकल	किग्रा	160,380.00	142,380.00	-18000
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	19,895.22	16,397.78	-3497
जिंक	मी.टन	1,013.39	538.59	-475

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 13.05.22	स्टॉक की स्थिति 19.05.22	अंतर
एल्युमीनियम	546,350	518,900	-27,450
तांबा	176,875	180,295	3,420
निकल	72,942	73,002	60
लेड	38,175	38,925	750
जिंक	86,375	87,100	725

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद * भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	जून	21700.00	11.05.22	तेजी	21200.00	21080.00	-	21000.00
NCDEX	ग्वारसीड	जून	5976.00	01.04.22	तेजी	6400.00	5860.00	-	5800.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	जून	2792.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	2990.00	3000.00
MCX	रबर	मई	17800.00	14.12.21	मंदी	17800.00	-	18150.00	18200.00
MCX	मेंथा ऑयल	मई	1104.90	31.03.22	तेजी	1070.00	1075.00	-	1070.00
MCX	**बुलडेक्स**	**मई**	**14419.00**	**16.05.22**	**तेजी**	**14200.00**	**14080.00**	**-**	**14000.00**
MCX	**चांदी**	**जुलाई**	**61564.00**	**16.05.22**	**तेजी**	**59000.00**	**58150.00**	**-**	**58000.00**
MCX	**सोना**	**जून**	**50544.00**	**16.05.22**	**तेजी**	**50000.00**	**49850.00**	**-**	**49800.00**
MCX	**मेटलडेक्स**	**जून**	**19581.00**	**16.05.22**	**तेजी**	**21500.00**	**21150.00**	**-**	**21100.00**
MCX	**तांबा**	**मई**	**769.05**	**16.05.22**	**तेजी**	**760.00**	**738.00**	**-**	**735.00**
MCX	लेड	मई	180.70	25.04.22	मंदी	187.00	-	187.00	188.00
MCX	**जिंक**	**मई**	**320.05**	**16.05.22**	**तेजी**	**365.00**	**306.00**	**-**	**305.00**
MCX	**निकल**	**मई**	**2096.70**	**16.05.22**	**तेजी**	**2500.00**	**2055.00**	**-**	**2050.00**
MCX	**एल्युमिनियम**	**मई**	**244.70**	**16.05.22**	**तेजी**	**235.00**	**232.00**	**-**	**230.00**
MCX	**एनर्जीडेक्स**	**जून**	**10366.00**	**16.05.22**	**तेजी**	**9800.00**	**10050.00**	**-**	**10000.00**
MCX	कच्चा तेल	जून	8464.00	15.02.22	तेजी	6800.00	7950.00	-	7900.00
MCX	नेचुरल गैस	जून	660.00	15.02.22	तेजी	320.00	595.00	-	590.00

*19/05/2022 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

लेड (जून) एमसीएक्स

ग्वारगम (जून) एनसीडीईएक्स

जिंक (जून) एमसीएक्स

लेड (जून) एमसीएक्स

एमसीएक्स में लेड(जून) कॉन्ट्रैक्ट 19 मई 2022 को 179.65 रू पर बंद हुआ। 22 अप्रैल 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 191.20 रू के उच्च स्तर पर था। 19 मई 2022 को 178.35 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 42.707 है। 172.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 190.00 रू के टारगेट के लिए 178.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

ग्वारगम (जून) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में ग्वारगम(जून)कॉन्ट्रैक्ट 19 मई 2022 को 11594.00 रू पर बंद हुआ। 06 अप्रैल 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 13554.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 10 मई 2022 को 11422.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 40.534 है। 11300.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 12200.00 रू के टारगेट के लिए 11600.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

जिंक (जून) एमसीएक्स

एमसीएक्स में जिंक(जून) कॉन्ट्रैक्ट 19 मई 2022 को 319.15 रू पर बंद हुआ। 22 अप्रैल 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 370.80 रू के उच्च स्तर पर था। 13 मई 2022 को 300.10 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 46.538 है। 308.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 330.00 रू के टारगेट के लिए 315.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

थोक खरीदारों की कमजोर मांग के कारण पिछले हफ्ते मसाले के काउंटरों में उच्च स्तर पर कुछ रेजिस्टेंस देखा गया। कारोबारियों द्वारा आपूर्ति-मांग संतुलन की स्थिति में खरीद की कमी के कारण हल्दी वायदा (जून) की कीमतों में पिछले सप्ताह गिरावट हुई। साप्ताहिक चार्ट पर इसे 7900 के पास मजबूत सपोर्ट है जबकि रेजिस्टेंस 8510 पर है। यदि कीमतें 8500 के स्तर से ऊपर बनी रहती है तो तेजी बरकरार रह सकती है। फिलहाल निर्यात मांग सामान्य है लेकिन इसमें तेजी आने की उम्मीद है। कम मांग और हाजिर बाजार में पर्याप्त आपूर्ति के कारण पिछले एक महीने में हल्दी की कीमतों में करीब 9.7% की गिरावट हुई है। इसके अलावा, कम निर्यात का भी कीमतों पर असर पड़ा है। नवीनतम निर्यात आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में, हल्दी का निर्यात पिछले साल के 12,575 टन की तुलना में 17% कम होकर 10400 टन हुआ है जबकि वित्त वर्ष 2021-22 (अप्रैल-फरवरी) के दौरान हल्दी का निर्यात पिछले साल की तुलना में 20% कम होकर 1.37 लाख टन हुआ है लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 8.3% अधिक है।

जीरा वायदा (जून)की कीमतें पिछले सप्ताह के उच्च स्तर को पार कर गई लेकिन उच्च स्तर पर रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा । यदि कीमतें 22500 के स्तर से ऊपर बनी रहती है तो तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है। चीन में कोविड प्रतिबंधों में ढील के बाद जीरा की निर्यात मांग में बढ़ोतरी होने की संभावना है। कम उत्पादन अनुमानों के कारण कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 54% अधिक है। व्यापारियों को 2021/22 में 5.0-6.0 मिलियन बैग (1 बैग=55 किग्रा) जीरा उत्पादन की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष के 8.0-8.5 मिलियन बैग से कम है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2022 में जीरा का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि के 18300 टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 23.6% कम होकर 14000 टन हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2021/22 (अप्रैल-फरवरी) की अवधि में निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 23% घटकर 2.02 लाख टन रह गया है जबकि पिछले साल 2.62 लाख टन हुआ था।

धनिया वायदा (मई) ने पिछले सप्ताह एक दायरे में ही कारोबार किया लेकिन अंततः गिरावट के साथ ही बंद हुई। निचले स्तरों से कुछ रिकवरी हुई है और अब 11200 पर सपाट है जबकि रेजिस्टेंस 11930 के स्तर पर है। अगर कीमतें 11700 से ऊपर बनी रहती हैं, तो 12350 तक बढ़ सकती है। मांग में मंदी के कारण पिछले एक महीने में कीमतों में 6% की गिरावट हुई है। वर्तमान में उत्पादन में कमी की आशंका से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 58% अधिक हैं और जनवरी 2022 के बाद से 27% अधिक हैं । प्रोसेसर और व्यापारी अपनी वर्तमान आवश्यकता के अनुसार खरीद रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2022 में धनिया का निर्यात 5.5% बढ़कर 3320 टन हो गया, जो पिछले साल 3150 टन था। जबकि वित्त वर्ष 2021/22 (अप्रैल-फरवरी) में निर्यात पिछले वर्ष के 51,500 टन की तुलना में 13.7 फीसदी घटकर 44,450 टन रह गया है लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 11% अधिक है।

अन्य कमोडिटीज

कम आपूर्ति और घरेलू कपड़ा उद्योगों से लगातार मांग के कारण कॉटन वायदा (मई) की कीमतें फिर से 50330 के अब तक के एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। लेकिन देश से निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के संकेत के कारण कीमतों में उच्च स्तर से गिरावट हुई है। अब कीमतों को 48300 पर सपोर्ट और 50330 पर रेजिस्टेंस है और कीमतें इसी दायरे में कारोबार कर सकती है । इस दायरे को तोड़ने के बाद कीमतों की दिशा तय हो सकती है। उत्पादन में कमी की आशंका, धीमी आवक, बेहतर घरेलू और निर्यात मांग के कारण वर्तमान समय में कपास की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 123% अधिक हैं और वैश्विक कीमतों के ऊपर प्रीमियम पर कारोबार कर रही हैं। मई 2022 की अपनी मासिक रिपोर्ट में, यूएसडीए ने 2021/22 के लिए वैश्विक स्तर पर कपास उत्पादन में पिछले महीने की तुलना में 1.8 मिलियन गांठ की कटौती की, जिसका मुख्य कारण भारत से 1.0 मिलियन गांठ की कमी है। सीएआई के अनुसार, घरेलू कपास की आवक 17% या 58.88 लाख गांठ घटकर 277.49 लाख गांठ रह गई, जो पिछले साल 336.37 लाख गांठ थी और मई में कपास उत्पादन का अनुमान 11.50 लाख गांठ घटाकर 335.13 लाख गांठ की तुलना में 323.63 लाख गांठ कर दिया।

ग्वारसीड वायदा (जून) की कीमतें पिछले सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुई। संतुलित आपूर्ति और मांग की स्थिति के कारण पिछले सप्ताह एक दायरे में कारोबार हुआ। अब कीमतों को 5900 के स्तर पर अच्छा सपोर्ट है, जबकि 6150 पर रेजिस्टेंस है और सपोर्ट स्तर से नीचे कारोबार करने पर कीमतें 5700 तक नीचे लुढ़क सकती है। वर्तमान में, पिछले 5 वर्षों में सबसे कम उत्पादन, कई वर्षों में कम स्टॉक और अच्छी निर्यात मांग की संभावना से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 39% अधिक हैं। ग्वारगम के निर्यात से कीमतों को समर्थन मिल सकता है क्योंकि अमेरिका में तेल-रिग की संख्या में सुधार हो रहा है। अमेरिकी तेल रिगों की संख्या भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 211 बढ़कर 563 हो गई है। मार्च 2022 में, ग्वारगम का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 9.4% बढ़कर 26377 टन हो गया है, जबकि 2021/22 में निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 39% बढ़कर 3.21 लाख टन हुआ है। पिछले पांच साल के औसत 4 लाख निर्यात की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में ग्वारगम निर्यात लगभग 20% कम हुआ है।

पिछले हफ्ते, अरंडी वायदा (जून)की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर 7658 पर पहुं गई और लगातार दूसरे सप्ताह तेजी के साथ कारोबार किया। अब सपोर्ट 7420 के स्तर पर है जबकि रेजिस्टेंस 7670 के स्तर पर है। कीमतों के रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर बने रहने पर 8000 के स्तर की ओर बढ़ोतरी हो सकती है। वर्तमान में, औद्योगिक मांग में सुधार पर कीमतों को निचले स्तरों पर मदद मिल रही हैं और इस वर्ष कीमतें 28% बढ़ गई हैं जबकि कम उत्पादन अनुमान के कारण वर्तमान में अरंडी की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 47.5% अधिक है। अरंडी की मांग-आपूर्ति का संतुलन तेजी के पक्ष में है। एसईए के अनुसार, अप्रैल 2022 में कैस्टर मील का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 7.7% घटकर 25758 टन रहा, जबकि 2022 के पहले 4 महीनों में कुल निर्यात भी पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.31 लाख टन की तुलना में 4.4% कम होकर 1.26 लाख टन रह गया है। ऐसा निर्यात कीमतों के पिछले साल के 72 डॉलर की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 95% की वृद्धि के साथ 141 डॉलर प्रति टन हो जाने के कारण हुआ। ऊंची कीमतों के बावजूद निर्यात पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है। इस सीजन में कीमतों में 30% की वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2011/22 में अरंडी के तेल का निर्यात 4.5% बढ़कर 6.55 लाख टन हो गया। लेकिन जनवरी-मार्च अवधि के दौरान निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 17% कम होकर 1.4 लाख टन हुआ है।

सर्राफा

दो दशक के उच्च स्तर से डॉलर की वापसी और अमेरिकी आर्थिक विकास पर बढ़ती चिंताओं से सुरक्षित निवेश के लिए बुलियन की मांग में फिर से बढ़ोतरी होने के कारण अप्रैल के मध्य के बाद से सोने की कीमतों में पहली साप्ताहिक बढ़ोतरी हुई है। सोने की कीमतें इस सप्ताह लगभग 1.9% बढ़ गई हैं, इसी के अनुकूल डॉलर में पिछले सात हफ्ते में पहली साप्ताहिक गिरावट हुई है। मंदी की आशंका अब अमेरिकी विकास को लेकर भय पैदा कर रही है, और इससे सोने की कीमतों को मदद मिल रही है, लेकिन कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में आक्रामक वृद्धि और मात्रात्मक सख्ती अभी भी सोने की कीमतों में गिरावट की प्रमुख कारण होगी। चूंकि बुलियन से कोई ब्याज नहीं मिलता है, इसलिए जब अमेरिकी ब्याज दरों में अल्पकालिक बढ़ोतरी की जाती है तो यह निवेशकों के लिए कम आकर्षक हो सकता है । लेकिन इसे आर्थिक संकट के समय में सुरक्षित निवेश के रूप में देखा जाता है। अमेरिकी फेड एक महीने पहले के अनुमान की तुलना में इस साल के अंत तक ब्याज दरों को बढ़ा देगा, जिससे पहले से ही मौजूदा मंदी का महत्वपूर्ण जोखिम बढ़ सकता है। अमेरिका में आर्थिक मंदी अब उन व्यापारियों और निवेशकों के दिमाग में है जो पहले से ही रूस-यूक्रेन युद्ध और कोविड के मामलों, जिससे चीन के प्रमुख शहरों में तालाबंदी हो गई, सहित अन्य चिंताओं से परेशान थे, जो वैश्विक व्यापार को बाधित कर रहा है। इस बीच, चीन ने मई माह में मॉर्टगेज के लिए अपनी बेंचमार्क संदर्भ दर में अपेक्षा से अधिक कटौती की, जो इस साल दूसरी कमी है, क्योंकि बीजिंग अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए ऋण की मांग को बढ़ाना चाहता है। इस हफ्ते सोने की कीमतें 49800-51800 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं, जहां निकट सपार्ट पर खरीददारी और रेजिस्टेंस के पास बेचने की सलाह दी जाती है। वहीं दूसरी ओर चांदी में भी तेजी का रूझान देखने को मिल सकता है और कीमतें 59000-64000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

कच्चे तेल की कीमतें पूरे सप्ताह व्यापक दायरे में कारोबार करती रही, जहां इसे 8100 के पास सपोर्ट और 8900 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा है। मुद्रास्फीति की बढ़ती चिंताओं और संबंधित मौद्रिक नीति सख्त होने से खुदरा खर्च में कमी की संभावना से भविष्य में वृद्धि के गंभीर रूप से प्रभावित होने की आशंका के बीच बाजार में इस तरह की चाल देखी गई। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने पिछले सप्ताह में पहले चेतावनी दी थी कि मुद्रास्फीति को नीचे लाने में कुछ आर्थिक कठिनाइयां हो सकती है, और इस बात के नए संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी होनी शुरू हो गई है, क्योंकि रोजगारों से निकाले जाने की संख्या 10-सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गई है और एक सर्वेक्षण के अनुसार मैनुफैक्चरिंग गतिविधि बदतर होने लगी है। शंघाई के वाणिज्यिक केंद्र में सबसे अधिक बंद क्षेत्रों के बाहर लगातार चौथे दिन कोई नया संक्रमण दर्ज नही किया गया है, लेकिन जून की शुरुआत तक प्रतिबंधों में पूरी तरह से ढील नहीं दी जाएगी। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चीन की कोविड-शून्य नीति के कारण मांग में कमी का जोखिम बना रहेगा। यह भी विचार जोर पकड़ रहा है कि कई पूर्वी यूरोपीय देशों, विशेष रूप से हंगरी के मजबूत विरोध को देखते हुए यूरोपीय संघ के प्रस्तावित प्रतिबंध पैकेज से किसी भी तरह यूरोप को रूसी तेल का निर्यात बिल्कुल अंत नहीं होगा। हंगरी जैसे यूरोपीय खरीदारों को अपनी आपूर्ति में भारी कमी को पूरा करने के लिए छोड़ दिया गया है। इस सप्ताह में कीमतों में दोनों तरफ की हलचल जारी रहेगी और जहां कीमतों को 8400 के पास सपोर्ट रह सकता है और 9000 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है। उच्च यूरोपीय कीमतों के कारण अमेरिकी एलएनजी निर्यात अधिक होने से नेचुरल गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जबकि यूरोप में गैस भंडारण संयुक्त राज्य अमेरिका के सामान्य भंडारण की तुलना में अधिक है। इस सप्ताह में कीमतों में तेजी जारी रह सकती है जहां इसे 600 के पास सपोर्ट और 690 के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ सकता है।

बेस मेटल

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती हैं क्योंकि शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में कोविड लॉकडाउन में ढील ने मांग में बढ़ोतरी की उम्मीदों को बढ़ा दिया है, जबकि अमेरिकी दरों में आक्रामक वृद्धि की संभावना और प्रमुख देशों से खराब आर्थिक आंकड़ों के कारण मंदी की चिंता बढ़ी है और औद्योगिक धातुओं की मांग पर असर पड़ सकता है। चीन ने मई माह में मॉर्टगेज के लिए अपनी बेंचमार्क संदर्भ दर में अपेक्षा से अधिक कटौती की, जो इस साल दूसरी कमी है, क्योंकि बीजिंग अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए ऋण की मांग को बढ़ाना चाहता है। एक रॉयटर सर्वेक्षण में अर्थशास्त्रियों ने पाया है कि अमेरिकी फेड एक महीने पहले के अनुमान की तुलना में इस साल के अंत तक ब्याज दरों को बढ़ा देगा, जिससे पहले से ही मौजूदा मंदी का महत्वपूर्ण जोखिम बढ़ सकता है। भविष्य में अमेरिकी गृह निर्माण के लिए परमिट अप्रैल में पांच महीने के निचले स्तर तक गिर गया, जिससे पता चलता है कि मॉर्टगेज की बढ़ती दरों के बीच आवास बाजार धीमा है । तांबे की कीमतें 760-795 के दायरे में कारोबार कर सकती है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, सौर कोशिकाओं के लिए वैश्विक तांबे की मांग 2040 तक तिगुनी हो सकती है, साथ ही समान समय सीमा में पवन ऊर्जा के लिए मांग संभावित रूप से दोगुनी से अधिक 600 हजार टन हो सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 235-260 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीन में एल्युमीनियम के भंडार में गिरावट और इंडोनेशिया से बॉक्साइट निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से एसएचएफई में एल्युमीनियम की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार, चीन ने 2022 की पहली तिमाही में इंडोनेशिया से 6.768 मिलियन टन बॉक्साइट का आयात किया है जो साल-दर-साल 118% अधिक है। जिंक की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 310-335 के दायरे में कारोबार कर सकती है। इंटरनेशनल लेड और जिंक स्टडी ग्रुप के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर रिफाइंड जिंक बाजार में इस साल आपूर्ति में 292,000 टन की कमी आने की उम्मीद है। लेड की कीमतें 177-189 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

रूसी कच्चे तेल पर प्रतिबंध.....आर्थिक सुधार के पटरी से उतरने की आशंका

24 फरवरी को रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए कई देशों ने मास्को पर कई दौर के प्रतिबंध लागू किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जापान सहित जी-7 के देश वर्ष के अंत तक रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने या चरणबद्ध तरीके से बंद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन रूसी तेल और गैस पर अत्यधिक निर्भरता के कारण 27 देशों के यूरोपीय ब्लॉक ने रूस से तेल और गैस के आयात पर तुरंत मंजूरी नहीं दी थी। अब यूरोपीय आयोग ने भी टीम में शामिल होने का फैसला किया है। यूरोपीय ब्लॉक ने 4 मई को रूसी तेल आयात पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा था।

लेकिन यूरोपीय संघ मुख्य रूप से भू-आबद्ध सदस्य राज्यों, जैसे हंगरी, जो रूसी आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर हैं, के विरोध के कारण अब तक प्रतिबंध पर सहमत नहीं हो पाया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, अप्रैल में रूस के तेल निर्यात में ब्लॉक का योगदान 43% था, जो वर्ष की शुरुआत में लगभग 50% से कम था।

रूसी तेल खरीदने वाले देश

- यूरोपीय संघ के व्यापक प्रतिबंध की कमी के बावजूद, कम से कम 26 प्रमुख यूरोपीय रिफाइनरों और व्यापारिक कंपनियों ने स्वेच्छा से तेल की स्पॉट खरीद को निलंबित कर दिया है या संयुक्त रूप से 2.1 मिलियन बैरल प्रति दिन रूसी आयात को समाप्त करने का इरादा व्यक्त किया हैं। लेकिन, यूरोपीय संघ के कई देश और कंपनियां अभी भी अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूसी तेल का आयात कर रही हैं।
- जर्मनी की अर्थव्यवस्था और जलवायु कार्य मंत्री रॉबर्ट हेबेक ने कहा है कि रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के कारण जर्मनी मंदी की ओर फिसल सकता है।
- चीन और भारत, जिन्होंने रूस की कार्रवाइयों की निंदा करने से इंकार कर दिया, ने छूट का लाभ उठाते हुए रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखी।
- आईईए के अनुमान के अनुसार भारतीय रिफाइनरों ने अप्रैल में लगभग 770,000 बैरल/दिन रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जबकि 2021 में औसतन 50,000 बैरल/दिन से कम आया किया था।
- भारत की तेल खरीद में रूस का हिस्सा बढ़कर रिकॉर्ड 6% हो गया, और रूस अप्रैल में भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है और आने वाले महीनों में आयात में वृद्धि होने की संभावना है । टैंकर ट्रैकिंग के आंकड़ों के अनुसार कम कीमतों के कारण दुनिया के तीसरे नंबर के तेल उपभोक्ता की ओर से मांग बढ़ गई।
- इटली की सबसे बड़ी रिफाइनरी और लुकोइल के स्वामित्व वाली स्विस-स्थित लिटास्को एसए रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखे हुए है।
- रूस की रोसनेफ्ट के 24% स्वामित्व वाली जर्मनी की सबसे बड़ी रिफाइनरी रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखे हुए है, जो कुल खपत का लगभग 14% है।
- रोसनेफ्ट के 54% स्वामित्व वाली जर्मनी की पीसीके श्वेड्ट रिफाइनरी ड्रूजबा पाइपलाइन के माध्यम से रूसी कच्चे तेल को खरीदना जारी रखे हुए है।
- हंगेरियन तेल कंपनी ने कहा है कि स्लोवाकिया और हंगरी में अपनी दो रिफाइनरियों, जो वर्तमान में कुल खपत का लगभग 35% है, को वैकल्पिक कच्चे तेल के प्रसंस्करण में पूरी तरह से बदलने में कम से कम 2-4 साल लगेंगे।
- स्लोवाकिया ने बदलाव के लिए तीन साल की अवधि के लिए कहा है और चेक गणराज्य यूरोपीय संघ के तेल प्रतिबंध से छूट के लिए बातचीत कर रहा है। स्लोवाकिया 105,000 बैरल/दिन के साथ अपने 2021 में तेल आयात का 96 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है।
- रूस की लुकोइल के स्वामित्व वाली बल्गेरियाई रिफाइनरी, रूसी कच्चे तेल को रिफइंड करना जारी रखे हुए है, जो सरकारी अधिकारियों के अनुसार, इसकी कुल क्षमता का लगभग 50% हिस्सा है।
- एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी चीन की सरकारी कंपनी सिनोपेक पहले से तय दीर्घकालिक करार के तहत रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखे हुए है।

रूसी तेल प्रतिबंध लागू होने के बाद वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि होने की संभावना है और सभी 27 यूरोपीय संघ सरकारें प्रस्तावित प्रतिबंध के लिए सहमत नही हैं। यह स्थिति पहले से ही मुद्रास्फीति से जूझ रहे उपभोक्ताओं पर दबाव बढ़ा सकती है और अंततः महामारी से हो रहे आर्थिक सुधार को पटरी से उतार सकती है।

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।